## आजमगढ़ में प्रधानमंत्री बोले, उत्तर प्रदेश आज विकास की दिशा तय कर रहा

# निवेश और ग्राउंड ब्रेकिंग यूपी की नई पहचान : मोदी

आजमगढ़, हिटी। प्रदेश में जब से डबल इंजन सरकार आई है, तब से यूपी की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। यूपी केंद्र की योजनाओं को लागू करने में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों में है। ये आंकड़े और जमीनी हकीकत बोल रहे हैं। यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था, मगर अब विकास की दिशा भी तय कर रहा है। आज यूपी की पहचान रिकॉर्ड निवेश और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से हो रही है।

ये बातें रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां मंदुरी में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इससे पूर्व उन्होंने 34,700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। साथ ही 15 नए एयरपोर्ट, जिनमें यूपी के आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट और अलीगढ़ एयरपोर्ट का लोकार्पण, सात एयरपोर्ट टर्मिनल भवनों का उद्घाटन और तीन एयरपोर्ट की आधारशिला रखी गई। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल के लोकार्पण के साथ ही आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेव राजभर राज्य विश्वविद्यालय का शुभारंभ भी हुआ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने गारंटी देते हुए कहा कि आजमगढ़ आजन्म और अनंतकाल तक विकास का गढ़ बना रहेगा।

**योगी को सराहा:** प्रधानमंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि बीते वर्षों में डबल इंजन सरकार ने यूपी में लाखों करोड़ के विकास कार्य कराए हैं। इससे न सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर बदला है बल्कि युवाओं के लिए लाखों नये अवसर बने हैं। रिकॉर्ड निवेश और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी यूपी की पहचान है। यूपी की चर्चा एक्सप्रेस वे, बेहतर कानून-व्यवस्था से हो रही है। अयोध्या में राम मंदिर का सदियों पुराना इंतजार भी समाप्त हो गया है। बनारस, मथुरा, कुशीनगर के विकास से यूपी में पर्यटन तेजी से बढ़ा है, इसका लाभ पूरे प्रदेश को मिल रहा है। यही गारंटी 10 साल पहले दी थी, जो आज पूरी हो रही है।

> तुष्टिकरण का जहर कमजोर P16



आजमगढ़ में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री के कारण नए भारत के दर्शन : योगी

आजमगढ़। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजमगढ़ के विकास के लिए खजाना खोल दिया है। आज से सात साल पहले जो आजमगढ़ अपराध व माफिया गतिविधियों का गढ़ था, आज वहीं प्रधानमंत्री धन की बौछार कर रहे हैं। वे यहां हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देने आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण आज एक नए भारत का दर्शन हो रहा है। पिछले सात वर्ष के अंदर प्रदेश की कानून व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। सरकार सभी को योजनाओं का लाभ दे रही है। सुरक्षा के मापदंड तय करने के साथ सरकार समृद्धि को भी बढ़ावा दे रही है। सुरक्षा का बेहतर वातावरण, विकास-आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर व लोककल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार जताया।

**34** हजार करोड़ की परियोजनाओं की अधारशिला रखी

**36** सौ करोड़ से यूपी के हवाई अड्डों का हुआ लोकार्पण

"हमारे कार्यों को चुनावी चश्मे से न देखा जाए। यह हमारी विकास की अनंत यात्रा है। पूरा देश देख रहा है कि मोदी दूसरी मिट्टी का बना है।

–नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## लखनऊ को नया टर्मिनल श्रावस्ती को मिला एयरपोर्ट

श्रावस्ती एयरपोर्ट का लोकार्पण रविवार को प्रधानमंत्री ने आजमगढ़ से बटन दबाकर किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एयरपोर्ट का विकास देश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। लखनऊ एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 का भी मोदी ने वर्चुअल लोकार्पण किया। इस मौके पर लखनऊ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे।

> नए टर्मिनल का तोहफा P04